उपरोक्त समस्त गतिविधियों का संचालन प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन के निर्देषन, सह प्रभारी डॉ. सुनीता शर्मा, सदस्य डॉ. शीषा हैदर एवं डॉ. नरेन्द्र शेखावत के सक्रिय सहयोग से किया गया। इस प्रकार रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स संबंधी जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों का संचालन सत्र के दौरान किया गया। व्याख्यान, परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी इत्यादि के माध्यम से छात्राओं को जागरुक करने के यथासम्भव प्रयास किये गये। समस्त गतिविधियों का संचालन प्रशासन के निर्देशानुसार किया गया।

प्रभारी
डॉ. रेहाना परवीन
रेड रिबन क्लब
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर (राज.)

प्राचार्या
डॉ. निधि श्रीवास्तव
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर (राज.)

एड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. जैन साहब ने एड्स जागरुकता पर गीत के माध्यम से छात्राओं को प्रशिक्षित किया। छात्राओं ने समूह में गीत प्रस्तुत कर छात्राओं को एड्स जागरुकता के प्रति सचेत किया।




एड्स पर लघु नाटिका भी छात्राओं ने प्रस्तुत की जिसमें परिवार की घटना का दृश्य दिखाकर छात्राओं को एड्स की जानकारी दी। नाटिका के दृश्यों का प्रभाव छात्राओं पर अधिक पड़ा।

पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 12.12.2019 को किया गया। जिसमें रेड रिबन क्लब की वर्षपर्यन्त गतिविधियों में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 को एड्स जागरुकता पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पी.सी. जैन साहब रहे। डॉ. पी.सी. जैन छात्राओं को एड्स विषय पर गहनतापूर्ण व्याख्यान दिया एवं छात्राओं की जिज्ञासाओं किया।





योग समूह, स्वस्थ समूह, तदरुस्त समूह, आरोग्य समूह, निरोग समूह, चुस्त समूह ने इ
प्रतियोगिता में सक्रिय रुप से भाग लिया। प्रथम स्थान पर आरोग्या समूह रहा। द्वितीय स्थ
स्वस्थ समूह ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर योग समूह रहा।

6 नवम्बर 2019 को एड्स जागरुकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया ग
जिसमें डॉ. नदीम चिश्ती ने एड्स विषय पर पॉवर पाईन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से छात्राओं
एड्स से संबंधित भ्रान्तियों से जागरुक करते हुए एड्स से बचाव के उपाय बताए। व्याख्यान
पश्चात् छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शान्त किया। छात्राओं
एड्स विषय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रश्नों का सही उत्तर दे
वाली छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें सही उत्तर देने पर पुरस्कृत भी कि
गया। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में रेड रिबन क्लब के सदस्यों ने छात्राओं से रुबरु होक
एड्स विषयक विचारों का आदान–प्रदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्राचार्य निधि श्रीवास्तव ने किया छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक नेक एवं धार्मिक कार्य है क्योंकि यह जीवनदान देता है। डॉ. संजीव टॉक उपनिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज महात्मा गांधी की जयन्ती है और इस शुभ अवसर पर रक्तदान उत्तम दान है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रागिनी अग्रवाल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाए हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही है रक्तदान में भी वे पीछे नहीं है।

माह नवम्बर में एड्स जागरुकता विषय पर चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर निधि अग्रवाल बी.एस.सी. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान नीतू पंवार, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान प्रिया चौधरी, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार प्रज्ञा पालीवाल एवं इन्द्रा कुंवर सिसोदिया ने प्राप्त किया।




प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6.11.2019 को किया गया जिसमें छः ग्रुप बनाए गए। प्रत्येक ग्रुप में छह–छह छात्राओं ने भाग लिया। सभी ग्रुप के नाम स्वास्थ्य से सम्बन्धित रखे गये।





न क्लब के तत्वाधान में दिनांक 2.10.2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त मुख्य कारी डॉ. रागिनी अग्रवाल ने रक्तदान महादान के विषय में छात्राओं को जानकारी से 827 संकल्प पत्र भरवाये गये। शिविर में 83 पंजीकरण हुए तथा 42 यूनिट 32 छात्राओ, 3 छात्र एवं 7 स्टॉफ सदस्यों ने रक्तदान किया। रेड रिबन क्लब ों ने भी इस कार्यक्रम में एड्स जागरुकता पर अपना बैनर लगाकर अपनी सक्रिय यी।



रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में वर्ष पर्यन्त चलने वाली विभिन्न गतिविधियों का संचालन सत्र 2019–2020 में किया गया। जिसमें अगस्त माह में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''एड्स जागरुकता एवं बचाव'' था। जिसमें लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–रविना धाकड़, बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय स्थान– किरण खटीक, बी.ए. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान– नाजनीन बानो, एम.ए. पूर्वार्द्ध अर्थशास्त्र ने प्राप्त किया।

माह सितम्बर एवं अक्टूबर में स्लोगन एवं लोगों प्रतियोगता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बहुत उत्साह से इस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृष्णा धाकड़, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय स्थान गीता जाट, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष रही।

लोगो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या अरोड़ा बी.एस.सी. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय स्थान हिमानी मेघवाल बी.एस.सी. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।



प्राचार्या निधि श्रीवास्तव के नेतृत्व में कमेटी की प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन, डॉ. सुनीता शर्मा (संस्कृत) डॉ. शीबा हैदर एवं डॉ. नरेन्द्र शेखावत सदस्यों द्वारा सत्र 2019–2020 में रेड रिबन क्लब की विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

रेड रिबन क्लब के अर्न्तगत वर्षपर्यन्त गतिविधियों के संचालन एवं सक्रिय भागीदारी हेतु समिति द्वारा 100 छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कर पियर ग्रुप का गठन किया गया। रजिस्टर्ड छात्राओं से रेड रिबन ने एड्स लोगो बनवाकर छात्राओं में वितरित किये गये। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लोगो मेकिंग में भाग लिया एवं छात्राओं को एड्स के प्रति जागरुकता का संदेश भी दिया।






# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

## रेड रिबन क्लब

## प्रतिवेदन

### सत्र 2019 – 2020

### सहयोग

### राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जयपुर (राजस्थान)

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर द्वारा छात्राओं को एड्स के प्रति जागरुकता फैलाने एवं बचाव तथा रोकथाम के उद्देश्य से राजस्थान स्टेट एड्स कण्ट्रोल सोसायटी, निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जयपुर, राजस्थान के निर्देशानुसार रेड–रिबन क्लब का गठन किया गया।

# GOVT. MEERA GIRLS COLLEGE, UDAIPUR

## RED RIBBON CLUB



**Ms. Divya Arora**
(President)
+91-9214-807-440



**Ms. Gitika Vishawat**
(Secretary)
+91-8302-596-620

We believe Youth can make a difference

# रेड रिबन क्लब

## प्रतिवेदन

**2019—2020**




रेड रिबन क्लब

**राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,**

**उदयपुर (राज.)**

सहयोग

राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जयपुर (राज.)